उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर में स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन

(दिनांक 16 दिसम्बर, 2017 से 31 दिसम्बर, 2017)

उष्णकटिबंधी वन अनुसंधान संस्थान में **दिनांक 16 दिसम्बर, 2017 से 31 दिसम्बर, 2017 तक** स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन निदेशक डॉ. एन. कुलकर्णी के मार्ग दर्शन में किया गया, जिसका समापन दिनांक 31 दिसम्बर, 2017 को हुआ । पखवाड़े के दौरान निदेशक महोदय ने स्वच्छता के महत्व एवं परिसर एवं अपने आस–पास के स्थानों में स्वच्छता बनाये रखने हेतु कारगर उपायों के बारे में विस्तृत रूप से बताया । पखवाडे के दौरान संस्थान की विभिन्न प्रयोगशालाओं, कार्यालय परिसर, प्रयोगिक क्षेत्रों, रोपणियों एवं अन्य स्थानों की साफ–सफाई का कार्य किया गया ।

स्वच्छता पखवाड़े के दौरान संस्थान के निदेशक महोदय के निर्देश पर संस्थान परिसर स्थिति विभिन्न कार्यालयों, प्रयोगशाला, विश्राम गृह, सामुदायिक भवन, छात्रावास, रोपणियों, जलपानगृह एवं सड़क मार्ग के दोनो तरफ आदि स्थलों की साफ–सफाई का कार्य किया गया । स्वच्छता पखवाड़े के दौरान संस्थान को पालीथीन मुक्त क्षेत्र बनाने हेतु निरन्तर प्रयास किये जा रहे है । स्वच्छता पखवाडे. में संस्थान के समस्त अधिकारियों, वैज्ञानिकों, कर्मचारियों, अनुसंधानकर्ताओं एवं शोध प्रशिक्षणार्थियों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान किया ।

स्वच्छता पखवाड़े के समापन अवसर पर संस्थान के निदेशक महोदय द्वारा पखवाड़े के सफल आयोजन हेतु वन विस्तार प्रभाग, सम्पत्ति प्रभाग, समस्त अधिकारियों, वैज्ञानिकों, कर्मचारियों, अनुसंधानकर्ताओं एवं शोध प्रशिक्षणार्थियों को उनके सहयोग हेतु धन्यवाद दिया गया ।